प्रेस नोट थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर दिनांक 20.03.2026

चोरी का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 अदद ट्राली बैग व 01 अदद मोबाइल बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष पीपीगंज के नेतृत्व में मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 90/2026 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त राधेश्याम यादव पुत्र हरिराम यादव निवासी बकैनिया हरैया थाना कोल्हुई जनपद महाराजगंज को चोरी की 01 अदद ट्राली बैग व 01 अदद मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 18.03.2026 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी का ट्राली बैग व मोबाइल चुरा लिया गया । जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर वादी द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

राधेश्याम यादव पुत्र हरिराम यादव निवासी बकैनिया हरैया थाना कोल्हुई जनपद महाराजगंज

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 90/2026 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी की टीम-

1- उ0नि0 गौरव तिवारी, थाना पीपीगंज, जनपद गोरखपुर ।
2- उ0नि0 मनीष राज, थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर ।
3- का0 अमित गिरी, थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर
4- का0 गोविन्द यादव, थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर ।